# 2 राजस्थान की प्रमुख सभ्यताएँ एवं पुरास्थल

1. राजस्थान में बैराठ के अलावा किस सभ्यता स्थल से हाथ से बुने कपड़े के अवशेष मिले है?
(1) तिलवाड़ा (2) बालोतरा
(3) बालाथल (4) कालीबंगा (3)

2. कहाँ के अवशेषों से पता चलता है कि विश्व विख्यात सैन्धव सभ्यता का राजस्थान में भी विकास हुआ?
(1) कालीबंगा (2) पीलीबंगा
(3) रंगमहल (4) उपरोक्त सभी (4)

3. अनाज रखने के बड़े मृदभांड जिन्हे 'गोरे व कोठे' कहा जाता था, किस सभ्यता स्थल से प्राप्त हुये हैं?
(1) कालीबंगा (2) गणेश्वर
(3) आहड़ (4) बैराठ (3)

4. किस सभ्यता स्थल से 8 फिट ऊँची जाख बाबा (यक्ष प्रतिमा) की प्रतिमा मिली है?
(1) बैराठ (2) रैढ़
(3) नगरी (4) नोह (4)

व्याख्या– नोह (भरतपुर) से 8 फिट ऊँची जाख बाबा (यक्ष प्रतिमा) मिली है जो शककालीन है। यहां से पक्षी चित्रित ईट मिली है। चुनार के चिकने पत्थर के टुकड़े मिले हैं, जिन पर मौर्यकालीन पॉलिश है।

5. लघु पाषाणकालीन सभ्यता स्थल डाडाथोरा किस जिले में स्थित है?
(1) सीकर (2) भीलवाड़ा
(3) बीकानेर (4)उदयपुर (3)

व्याख्या– यह लघु पाषाणकालीन सभ्यता है। लघु पाषाणकाल में मानव द्वारा छोटे प्रस्तर औजारों का प्रयोग किए जाने के कारण इसे 'सूक्ष्म पाषाण युग' भी कहते है।

6. कार्बन डेंटिग पद्धति के अनुसार कालीबंगा सभ्यता का समय निर्धारण किया गया है?
(1) 2350 ई. पूर्व से 1750 ई. पूर्व
(2) 1900 ई. पूर्व से 1200 ई. पूर्व
(3) 3000 ई. पूर्व से 2800 ई. पूर्व
(4) 1350 ई. पूर्व से 750 ई. पूर्व (1)

7. आहड़ के उत्खनन से प्राप्त कौन सी सामग्री बाह्य सम्पर्को का संकेत देती है ?
(1) सैलखड़ी मनके (2) लेपिस लाजुली
(3) टेराकोटा मनके (4) ताम्र उपकरण (2)

व्याख्या– लेपिस लाजुली (लाजवर्द) एक नीले रंग का मूल्यवान पत्थर है, जो अपने सुन्दर नीले रंग के लिए पसंद किया जाता है।

8. किस सभ्यता स्थल से शुंगकालीन तीखे किनारे वाले प्याले प्राप्त हुये हैं?
(1) नाडोल (पाली) (2) तिलवाड़ा(बाड़मेर)
(3) कोटड़ा(झालावाड़) (4) लाछुरा (भीलवाड़ा) (4)

9. ईसवाल सभ्यता स्थल राजस्थान के किस जिले में स्थित है?
(1) उदयपुर (2) राजसमंद
(3) भीलवाड़ा (4) हनुमानगढ़ (1)

10. आहड़ के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों में से कौनसा कथन असत्य है?
(1) इसे ग्रामीण संस्कृति की सभ्यता कहा जाता है।
(2) मकानों में एक से अधिक चुल्हे मिले हैं जो संयुक्त परिवार होने का प्रमाण है।
(3) आहड़ सभ्यता में लौह का प्रवेश हो चुका था।
(4) यहां कुषाणकालीन मुद्राएं मिली है। (4)

व्याख्या– आहड़ से 6 यूनानी मुद्राएं व 3 मोहरें मिली हैं।

11. नालियासर सभ्यता किस जिले में स्थित है –
(1) जयपुर (2) टोंक
(3) भरतपुर (4) भीलवाड़ा (1)

12. कालीबंगा सभ्यता स्थल किस नदी किनारे है?
(1) बनास (2) बाणगंगा
(3) साबी (4) घग्घर (4)

13. चन्द्रावती सभ्यता स्थल किस जिले में स्थित है।
(1) जोधपुर (2) चित्तौड़गढ़
(3) सिरोही (4) पाली (3)

14. कौनसा सभ्यता स्थल मत्स्य जनपद की राजधानी रहा है?
(1) बैराठ (2) गणेश्वर
(3) आहड (4) नगरी (1)

15. किस ताम्रपाषाणिक स्थल पर सबसे ज्यादा ताम्र सामग्री प्राप्त हुई है ?
(1) बैराठ (2) कालीबंगा
(3) गणेश्वर (4) आहड़ (3)

16. निम्न में से राजस्थान के किस स्थल से प्राप्त मृदभाण्डों को लाल धरातल पर काले रंगों की सुंदर ज्यामितिक डिजाइनों से सजाया गया है ?
(1) आहड़ (2) कोटदजी
(3) गिलूण्ड (4) कालीबंगा (4)

17. कोल महोली सभ्यता स्थल किस जिले में है?
(1) भरतपुर (2) करौली
(3) अलवर (4) सवाईमाधोपुर (4)

18. अध्ययन की दृष्टि से मानव के सम्पूर्ण इतिहास को कितने भागों में बाँटा जाता है?
(1) चार भागो में (2) दो भागो में
(3) पाँच भागो में (4) तीन भागो में (4)

व्याख्या– 1. प्राक् इतिहास काल 2. आद्य इतिहास काल 3. ऐतिहासिक काल

19. भारत में ताम्रयुगीन सभ्यताओं की जननी किस सभ्यता को कहा जाता है?
(1) गणेश्वर सभ्यता (2) आहड़ सभ्यता
(3) कालीबंगा सभ्यता (4) गिलूण्ड सभ्यता (1)

20. बालाथल सभ्यता (उदयपुर) की खोज किसने व कब की थी?
(1) बी.वी. लाल (1957-58)
(2) वी.एन. मिश्र (1962-63)
(3) बी. आर. मीणा (1998-99)
(4) अमलानंद घोष (1952-53)    (2)

21. बैराठ सभ्यता किस नदी किनारे स्थित है?
(1) काँतली    (2) बाणगंगा
(3) बनास    (4) साबी    (2)

22. गणेश्वर सभ्यता की सर्वप्रथम खोज किसके द्वारा व कब की गई थी?
(1) रतनचन्द्र अग्रवाल-1972    (2) विजय कुमार-1977
(3) अक्षय कीर्ति व्यास-1953    (4) वी.एन.मिश्र-1961    (1)

23. निम्न में से किस सभ्यता स्थल से गाय व सफेद बैल की मृणमूर्ति मिली है?
(1) लाछुरा    (2) धौली मगरा
(3) गिलूण्ड    (4) ओझियाना    (4)

व्याख्या- ओझियाना (भीलवाड़ा) से गाय व सफेद की बैल की मृणमूर्ति के अलावा सिलबट्टा, प्रस्तर हथौड़ा, मिट्टी की खिलौना गाड़ी के पहिए, पत्थर के मनके, शंख व ताम्र की चूड़ियाँ भी मिली हैं।

24. राजस्थान में मध्य पाषाणकालीन पुरावशेष प्राप्त हुए है?
(1) बालाथल (उदयपुर)    (2) विराटनगर (जयपुर)
(3) सुनारी (झुंझनूं)    (4) नगर (टोंक)    (2)

व्याख्या- पश्चिमी राजस्थान में लूणी और उसकी सहायक नदियों, चित्तौड़ की बेड़च नदी घाटी और विराटनगर (जयपुर) से मध्यपाषाण कालीन उपकरण मिले हैं। इस काल में अपेक्षाकृत छोटे व हल्के कुशलतापूर्वक बनाए गए हथियार व उपकरण मिले हैं।

25. प्राचीन ऐतिहासिक स्थल 'नगर' अवस्थित है-
(1) उदयपुर    (2) जयपुर
(3) भरतपुर    (4) टोंक    (4)

26. निम्न में से सुमेलित नहीं है-
(1) जूना खेड़ा- पाली    (2) कोटडा- झालावाड़
(3) नाडोल- पाली    (4) गुरारा- जयपुर    (4)

व्याख्या- गुरारा स्थान सीकर में है, यहाँ से 2744 चाँदी के पंचमार्क सिक्के मिले हैं।

27. इतिहास का वह कालखण्ड, जिसकी पुरातात्विक सामग्री के साथ साथ लिखित सामग्री भी पाई जाती है, वह काल कहलाता है?
(1) आद्य इतिहास काल    (2) प्राक् इतिहास काल
(3) ऐतिहासिक काल    (4) इनमें से कोई नहीं    (3)

28. निम्न में से सुमेलित नहीं है-
(1) रैढ़- ढील नदी    (2) तिलवाड़ा- लूणी नदी
(3) बरोर- घग्घर नदी    (4) सुनारी- रूपारेल नदी    (4)

व्याख्या- सुनारी सभ्यता (झुंझुनूं) कांतली नदी किनारे स्थित है।

29. गणेश्वर सभ्यता का उत्खनन कब व किसके द्वारा किया गया ?
(1) 1977, रतनचंद्र अग्रवाल    (2) 1953, अमलानंद घोष
(3) 1972, विजय कुमार    (4) 1957, बी.बी.लाल    (1)

व्याख्या- इस सभ्यता की सर्वप्रथम खोज रतनचन्द्र अग्रवाल ने 1972 ई. में की थी। इसका उत्खनन कार्य रतनचन्द्र अग्रवाल व विजय कुमार ने 1977 ई. में करवाया था।

30. ओझियाना सभ्यता किस काल से सम्बन्धित है?
(1) ताम्रप्रस्तर युग    (2) लौह प्रस्तर युग
(3) कांस्ययुगीन    (4) मध्यपाषाण काल    (1)

31. निम्नलिखित में से सुमेलित नहीं है-

| सभ्यता | स्थल |
|---|---|
| (1) जहाजपुर | - भीलवाड़ा |
| (2) पछमता | - राजसमंद |
| (3) अहेड़ा | - अजमेर |
| (4) नगरी | - टोंक |

(4)

व्याख्या- नगरी सभ्यता चित्तौड़गढ़ में स्थित है।

32. वह सभ्यता स्थल जो बीकानेर में स्थित नहीं है?
(1) पुगल    (2) कोल महोली
(3) साबनिया    (4) थेहड़    (2)

व्याख्या- कोल महोली सभ्यता स्थल सवाईमाधोपुर में स्थित है।

33. किस सभ्यता स्थल से बालक के सिर में 6 छेद, युगल समाधि के साक्ष्य, स्वास्तिक चिह्न के प्रमाण मिले हैं?
(1) हड़प्पा    (2) आहड़
(3) कालीबंगा    (4) रंगमहल    (3)

व्याख्या- कालीबंगा से एक बालक के सिर में छह छेद मिले हैं, जिसे मस्तिष्क शोध बीमारी के इलाज का प्रमाण माना जाता है।

34. बैराठ सभ्यता स्थल से सूती कपड़े में बंधी कुल कितनी चाँदी की मुद्राएँ प्राप्त हुई हैं?
(1) 28    (2) 36
(3) 64    (4) 42    (2)

व्याख्या- बैराठ से प्राप्त कुल 36 चाँदी की मुद्राओं में 8 पंचमार्क/आहत सिक्के तथा 28 इंडोग्रीक/हिन्दयूनानी राजाओं के सिक्के हैं। इन 28 मुद्राओं में 16 मुद्राएँ यूनानी शासक मिनेण्डर की है।

35. सर जॉन मार्शल के अनुसार सिंधु घाटी सभ्यता की कालावधि है?
(1) 2350 ई. पूर्व से 1250 ई. पूर्व
(2) 3250 ई. पू से 2750 ई. पूर्व
(3) 2350 ई. पूर्व से 1750 ई. पूर्व
(4) 2250 ई. पूर्व से 1300 ई. पूर्व    (2)

36. निम्न में से किस सभ्यता से नालीदार टोंटी का कटोरा मिला है?
(1) साबनिया    (2) नैनवा
(3) कालीबंगा    (4) खुरडी    (4)

37. राजस्थान में किस सभ्यता स्थल से प्राप्त लोहे के अवशेष भारत में लौह युग के आरंभ होने की सीमारेखा निर्धारित करने में महत्वपूर्ण स्रोत है?
(1) नालियासर (जयपुर)    (2) भीनमाल (जालौर)
(3) नौह (भरतपुर)    (4) रैढ़ (टोंक)    (3)

38. बागोर सभ्यता के उत्खनन में वीरेन्द्र नाथ मिश्र के अलावा कौन शामिल था?
(1) बी. आल्चिन (2) एच. डी. सांकलिया
(3) एल.एस. लेश्निक (4) विजय कुमार (3)

39. सोंथी सभ्यता की खोज कब व किससे द्वारा की गई?
(1) 1950 दशरथ शर्मा द्वारा (2) 1953 अमलानंद घोष
(3) 1951 केदारनाथ पुरी (4) 1953 केदारनाथ पुरी (2)

40. सिंधु सभ्यता से संबंधित कौनसा स्थल राजस्थान में स्थित है?
(1) मोहनजोदड़ो (2) कोटदजी
(3) कालीबंगा (4) लोथल (3)

41. पाषाण काल के उपकरणों में से प्राप्त एक उपकरण 'स्क्रेपर' का आकार था?
(1) 10 से 15 सेमी (2) 3 से 5 सेमी
(3) 15 से 20 सेमी (4) 3 से 10 सेमी (4)

42. लौह युग (काल) के पश्चात् भारत के अन्य भागों के भाँति राजस्थान में भी 'चित्रित मृदभाण्ड संस्कृति' का उदय हुआ। इस संस्कृति का उदय काल लगभग माना गया है?
(1) 300 ई.पूर्व (2) 600 ई.पूर्व
(3) 300 ई. (4) 600 ई. (2)

43. नालियासर सभ्यता (जयपुर) के सर्वप्रथम उत्खननकर्ता कौन थे?
(1) ए.के. घोष (2) कैप्टन बर्ट
(3) कर्नल हैंडले (4) कार्लाइल (3)

व्याख्या– जयपुर जिले में सांभर के निकट नालियासर एक लौह युगीन सभ्यता स्थल है। यहाँ सर्वप्रथम कर्नल हैंडले व बाद में दयाराम साहनी ने उत्खनन करवाया।

44. बस्ती के दक्षिण दिशा में कब्रिस्तान, तीन प्रकार की शवाधान पद्धतियाँ, युगल समाधि के अवशेष किस सभ्यता की विशेषता है?
(1) रंगमहल (2) आहड़
(3) कालीबंगा (4) भीनमाल (3)

व्याख्या– कालीबंगा में बस्ती के दक्षिण में एक कब्रिस्तान भी मिला है। यहाँ से तीन प्रकार की समाधियाँ (शवाधान पद्धतियाँ) मिली हैं।
1. एक प्रकार में अण्डाकार गड्ढे में उत्तर की ओर सिर रखकर।
2. दूसरे प्रकार में शव की टाँगें समेटकर गाड़ा जाता था।
3. तीसरे प्रकार में शव के साथ बर्तन, सोने व मणि के दानों की माला से विभूषित कर गाड़ा जाता था।

45. निम्न में से किस सभ्यता से प्राप्त मुद्राओं पर 'मालवानाम् जयः' व मालव सरदारों के नाम अंकित है?
(1) रैढ़ (टोंक) (2) नगर (टोंक)
(3) सुनारी (झुंझुनूं) (4) गिलुण्ड (राजसमंद) (2)

46. रंगमहल सभ्यता (हनुमानगढ़) से 105 ताम्र मुद्राएं मिली हैं, जिनमें से कुछ कुषाणोत्तर काल की है, उन्हें क्या कहा जाता है?
(1) डांडिया (2) गदिया
(3) मुरण्डा (4) फुलरिया (3)

व्याख्या– इन 105 ताम्र मुद्राओं में कुछ ई. पूर्व द्वितीय शताब्दी की है, पंचमार्क और गणमुद्राएँ है। इनमें से एक सिक्का कनिष्क प्रथम का है। इसी प्रकार हविष्क, वाजिष्क, कनिष्क तृतीय एवं मुरण्डा की मुद्राएँ अपने–अपने चिह्नों सहित पाई गई हैं।

47. सिन्धु घाटी सभ्यता के सर्वाधिक स्थल किस राज्य से खोजे गए हैं?
(1) राजस्थान (2) गुजरात
(3) हरियाणा (4) उत्तर प्रदेश (2)

48. उत्तर पाषाणकालीन उपकरण राजस्थान में विशेष रूप से किन स्थलों से प्राप्त हुए हैं–
(1) नौह व भीनमाल (2) सोंथी व बरोर
(3) बागोर व तिलवाड़ा (4) लोद्रवा व चन्द्रावती (3)

49. कालीबंगा से निम्न में से किस फसल के अवशेष प्राप्त हुए हैं?
(1) चावल (2) जौ
(3) सोयाबीन (4) रागी (2)

50. नन्दलालपुरा सभ्यता राजस्थान के किस जिले में अवस्थित है?
(1) गंगानगर (2) बीकानेर
(3) हनुमानगढ़ (4) जयपुर (4)